अमर उजाला
12-10-2024

रैलियों का उद्देश्य जागरूक करना : डॉ. रोहित दत्त

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग ने परामर्श केंद्र, मानसिक स्वास्थ्य क्लब, यूथ रेडक्रॉस और समाजशास्त्र विभाग के सहयोग से ओसीडी यानी कि ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया।

रैली मानसिक बीमारी से जुड़े स्टिग्मा को तोड़ने और समाज को इस विकार के बारे में शिक्षित करने के लिए आयोजित की गई थी। 13 से 19 अक्टूबर तक मनाए जा रहे ओसीडी जागरूकता सप्ताह की यह एक कड़ी थी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने रैली को हरी झंडी दी और कहा कि कोविड-19 के बाद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण हो गई है और समाज की भलाई के लिए जागरूकता फैलाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयोजक डॉ राकेश कुमार ने कहा कि युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूक होने की जरूरत है। संवाद